अपराध — बाकल थाना क्षेत्र के कूड़ा मर्दानगढ़ में हिंसक संघर्ष

# चुनावी रंजिश पर जानलेवा हमला, गांव में तनाव





**नवभारत, बाकल।** जिले के बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कूड़ा मर्दानगढ़ में पंचायत चुनाव की रंजिश एक बार फिर हिंसक संघर्ष में बदल गई। आरोप है कि सरपंच पति शिव कुमार शर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर विरोधी पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना में तीन लोग घायल हो गए। मामले के बाद गांव में तनाव का माहौल निर्मित हो गया, जिसके चलते पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 14 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 बजे फरियादी अपने भतीजे अनार सिंह लोधी के साथ मोटरसाइकिल से खेत से घर लौट रहा था। जैसे ही दोनों गांव के श्रीकृष्ण गेट के पास पहुंचे, तभी शिव कुमार शर्मा अपनी पत्नी गिरिजा शर्मा तथा छह अन्य लोगों के साथ वहां पहुंच गया। आरोप है कि चुनावी रंजिश को लेकर पहले गाली-गलौज की गई और इसके बाद अनार सिंह लोधी पर हमला कर दिया। फरियादी के अनुसार जब अनार सिंह ने विरोध किया तो सभी आरोपियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर इन्द्रपाल लोधी और जागेश्वर लोधी बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोप है कि उनके साथ भी मारपीट की गई। शिकायत में गिरिजा शर्मा पर जागेश्वर लोधी पर पत्थर से हमला करने का भी आरोप लगाया गया है। घटना में अनार सिंह और इन्द्रपाल लोधी के सिर, हाथ-पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं, जबकि जागेश्वर लोधी की पीठ में चोट लगी। गांव के रामजी लोधी, राजा लोधी एवं घनश्याम लोधी ने बीच-बचाव कर विवाद शांत कराया। घटना की सूचना मिलते ही बाकल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर नियंत्रण किया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है तथा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाकल थाना पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर शिव कुमार शर्मा, गिरिजा शर्मा और अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की अलग-अलग धारा के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम कूड़ा मर्दानगढ़ का सरपंच पक्ष पहले भी विवादों में रह चुका है। ग्रामीणों ने शासकीय मंगल भवन पर कब्जा कर उसे निजी उपयोग में लेने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया था कि शासकीय भवन का निजी उपयोग किया जा रहा है। ताजा चुनावी हिंसा ने गांव में पहले से चले आ रहे विवाद को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।



# वाहन रैली में गूंजा जय जय जगन्नाथ का जयघोष

**भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पहले निकाली गई वाहन रैली**

**नवभारत, कटनी।** भगवान श्रीजगन्नाथ रथ महोत्सव की पूर्व संध्या पर बुधवार को शहर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। जगन्नाथ चौक स्थित मंदिर से निकली भव्य वाहन रैली में बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूरे मार्ग में 'जय जगन्नाथ' के जयघोष और भक्ति गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। वाहन रैली का शुभारंभ जगन्नाथ मंदिर से हुआ। रैली जालपा वार्ड रोड, घंटाघर, गर्ग चौराहा, खिरहनी ओवरब्रिज लिंक रोड, बरही रोड, स्टेशन चौराहा, सुभाष चौक, झंडा बाजार, शेर चौक और आजाद चौक से होते हुए दोबारा जगन्नाथ मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रैली का स्वागत कर भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन किए और धर्मलाभ प्राप्त किया। वाहन रैली के दौरान काफी संख्या में श्रद्धालुओं की मौजूदगी रही। जगन्नाथ ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद सरावगी ने बताया कि गुरुवार, 16 जुलाई को भगवान श्रीजगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा पूरे धार्मिक उल्लास के साथ निकाली जाएगी। रथ यात्रा से पूर्व भगवान को विशेष पोशाक अर्पित की जाएगी। साथ ही 1100 दीपों से महाआरती कर महोत्सव का शुभारंभ होगा।

उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि वे परिवार सहित रथ यात्रा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भगवान श्रीजगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस धार्मिक आयोजन को भव्य औरप सफल बनाएं।

## एक नजर में

### शिक्षण संस्थानों को गांव से जोड़ने चलेगा अभियान

**नवभारत,कटनी।** उच्च शिक्षा को समाज और ग्रामीण विकास से जोड़ने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की सहभागिता उन्नत भारत अभियान में सुनिश्चित की जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सभी पारंपरिक विश्वविद्यालयों, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त महाविद्यालयों और निजी विश्वविद्यालयों को उन्नत भारत अभियान के पोर्टल पर पंजीयन कर सक्रिय भागीदारी करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा संचालित 'उन्नत भारत अभियान' का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों और शिक्षकों को ग्रामीण समुदायों से जोड़कर समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान के माध्यम से विद्यार्थी अपने विषय और विशेषज्ञता के आधार पर ग्रामीण क्षेत्रों की आवश्यकताओं को समझते हुए समाधान विकसित करेंगे। अभियान के अंतर्गत पंजीकृत उच्च शिक्षण संस्थान अपने आसपास के पांच गांवों का चयन करेंगे। इससे विद्यार्थियों को भारत की पारंपरिक समझ, सामाजिक व्यवस्था और स्थानीय आवश्यकताओं को जानने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थी और शिक्षक मिलकर समस्याओं का अध्ययन करेंगे और गतिविधियों में सहयोग देंगे।

# नशामुक्त समाज के निर्माण में छात्रों की भूमिका अहम

**ढीमरखेड़ा पुलिस ने छात्रों को किया जागरूक**



**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** क्षेत्र को पूरी तरह नशामुक्त बनाना और युवा पीढ़ी को इस सामाजिक बुराई से बचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह बात ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही।

पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के नेतृत्व, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जारी जिला स्तरीय अभियान के तहत थाना प्रभारी ने स्वयं कमान संभालते हुए लगभग 300 छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को गर्त में धकेल देता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे न केवल स्वयं नशे से दूर रहें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करें। कार्यक्रम में थाना प्रभारी के साथ सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक शुभचरण यादव और आरक्षक पंकज सिंह ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस दौरान विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज की स्थापना में पुलिस प्रशासन का पूर्ण सहयोग करने का संकल्प लिया। ढीमरखेड़ा पुलिस के इस प्रभावी कदम और थाना प्रभारी की सजगता की स्थानीय जनता द्वारा जमकर सराहना की जा रही है।

## जिले में अब तक 197 .1 मिलीमीटर हुई बारिश

**नवभारत, कटनी।** जिले में 1 जून से 15 जुलाई तक कुल 197.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहां अब तक 367.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 228.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 271.1 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 64.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 145.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 146.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 221.9 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 367.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 129.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। हालांकि बुधवार को बारिश नहीं हुई।

## उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज लेवल काउंसलिंग की तिथि बढ़ाई, 31 जुलाई तक ले सकेंगे प्रवेश

**नवभारत, कटनी।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब विद्यार्थी प्रदेश के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में 31 जुलाई तक प्रवेश ले सकेंगे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार द्वितीय चरण की सीएलसी की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 थी।




# जिला अस्पताल में युवती की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**इंजेक्शन लगने के बाद तबियत बिगड़ी और मौत हो गई**



**नवभारत, कटनी।** जिला अस्पताल में बुधवार दोपहर 14 साल की किशोरी स्नेहा शुक्ला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत पर परिजनों ने गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल जिला अस्पताल पहुंचा और हंगामे को शांत कराया। जानकारी के अनुसार एनकेजे थाना क्षेत्र की जागृति कॉलोनी निवासी आदित्य कुमार शुक्ला की बेटी स्नेहा शुक्ला को बुधवार सुबह पेट में तेज दर्द हुआ था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। उनका कहना है कि अस्पताल पहुंचने तक स्नेहा की हालत सामान्य थी और वह पैदल चलकर डॉक्टर के पास गई थी। परिजनों के मुताबिक, डॉक्टरों ने स्नेहा को भर्ती कर इलाज शुरू किया और एक इंजेक्शन लगाया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के कुछ देर बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों को आशंका है कि गलत इंजेक्शन लगाने से उसकी मौत हुई। जांच और कार्रवाई की मांग की गई है।




# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, लगातार परिश्रम से मिलती है उपलब्धि

**नोबल हार्ट पब्लिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल के छात्रों का सम्मान**



**नवभारत, कटनी।** नोबल हार्ट पब्लिक अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सूबेदार सोनम ऊइके रहीं। कार्यक्रम में एसआई राजकुमार झरिया, एएसआई संदीप वाल्मीकि, विद्यालय के संचालक अनिल गर्ग और प्राचार्य श्रीमती रचना गर्ग की उपस्थिति रही। इस अवसर पर कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों श्वेता पांडे, आभा गुरु, शिवानी मिश्रा, काजल कुशवाहा, अंशिका गुप्ता, प्रशांत मौर्य, श्रजल गर्ग, अभिनव प्यासी, नव्या ठाकुर, कार्तिक अहिरवार, हर्षिता नायक और प्रियांशु सेन को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने शुभकामना संदेश में मुख्य अतिथि सूबेदार सोनम ऊइके ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

लगातार परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और अच्छे संस्कार ही जीवन में बड़ी उपलब्धियों का आधार बनते हैं। आप सभी विद्यार्थी इसी लगन और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ते रहें तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और देश का नाम रोशन करें।

समारोह के अंत में सभी सम्मानित विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एजेंसी के बाहर से ट्रेक्टर चोरी, तलाश शुरू

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के पहरूआ गल्ला मंडी रोड पर स्थित गुप्ता कृषि यंत्र एजेंसी के परिसर से एक ट्रैक्टर चोरी हो गया। यह वारदात देर रात हुई, जिसके बाद क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। यह चोरी 14 जुलाई की रात लगभग 11:30 से 11:45 बजे के बीच हुई। अज्ञात चोरों ने इतनी तेजी से वारदात को अंजाम दिया कि मात्र 15 मिनट के भीतर वे ट्रैक्टर लेकर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित वाहन मालिक नवनीत गुप्ता ने कुठला थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।






निरीक्षण — सरकारी स्कूल में मरम्मत कार्यों का महापौर ने किया निरीक्षण, गुणवत्ता को ध्यान में रखकर कार्य करने के दिए निर्देश

# आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य, उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता



**नवभारत, कटनी।** नगर के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को वर्षा ऋतु के दौरान सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा व्यापक स्तर पर मरम्मत एवं संधारण कार्य कराए जा रहे हैं। उन्हीं कार्यों की प्रगति का जायजा लेने महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने मंगलवार 14 जुलाई को एमआईसी सदस्यों एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ विभिन्न शासकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने शासकीय एनकेजे स्कूल, केरिन लाइन शासकीय स्कूल, साधुराम उच्चतर माध्यमिक शाला तथा के.सी.एस. कन्या शाला पहुंचकर मरम्मत कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालयों की छत, भवन, शौचालय और अन्य आवश्यक मरम्मत कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि वर्षा ऋतु में विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर महापौर ने विद्यालयों में उपस्थित शिक्षकों औरप विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई, विद्यालय की व्यवस्थाओं एवं चल रहे मरम्मत कार्यों के संबंध में जानकारी ली ।साथ ही विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने, अनुशासन का पालन करने और अपने माता-पिता, विद्यालय और शहर का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं और उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने शिक्षकों से 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत शाला परिसर में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय हरियाली बढ़ाने का संकल्प लेकर पौधरोपण करे और लगाए गए पौधों के संरक्षण की भी जिम्मेदारी निभाए। उन्होंने विद्यार्थियों से भी पौधरोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होकर प्रकृति को सुरक्षित और समृद्ध बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए कहा। नगर निगम द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छत मरम्मत, बाथरूम मरम्मत, प्लास्टर, वॉटरप्रूफिंग एवं भवन सुधार कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर नवीन स्कूल भवन (फर्स्ट फ्लोर निर्माण), धंती बाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल सिविल लाइन, अमकुही स्कूल, नदी पार स्कूल, आधारकाप स्कूल, कुठला स्कूल, मंगल नगर स्कूल, बिलगांव स्कूल, छापरवाह प्राथमिक शाला, सीएलपी स्कूल, बंधवा टोला स्कूल, बरगवां स्कूल, पड़रवारा स्कूल, केरिन लाइन स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत और संधारण कार्य कराए जा रहे हैं।



